पंजाब केसरी
THU,14 MAY 2026
EDITION: KANGRA KESARI, PAGE NO. 4


# 10वीं और 12वीं की री-चैकिंग और पुनर्मूल्यांकन प्रक्रिया शुरू

## 12वीं के लिए 19 और 10वीं के लिए 25 मई तक करें आवेदन

धर्मशाला, 13 मई (सुनील): हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड ने वर्ष 2026 की 10वीं और 12वीं कक्षा की बोर्ड परीक्षाओं के लिए उत्तर पुस्तिकाओं के पुनर्मूल्यांकन और पुनर्निरीक्षण की प्रक्रिया शुरू कर दी है। इच्छुक अभ्यर्थी अपने स्कूल के माध्यम से बोर्ड की आधिकारिक वैबसाइट पर ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं।

12वीं कक्षा के छात्रों के लिए आवेदन की अंतिम तिथि 19 मई 2026 तय की गई है, जबकि 10वीं कक्षा के छात्र 25 मई 2026 तक आवेदन कर सकेंगे। बोर्ड ने स्पष्ट किया है कि आवेदन केवल ऑनलाइन ही स्वीकार किए जाएंगे और निर्धारित तिथि के बाद कोई विस्तार नहीं दिया जाएगा।


नियमों के अनुसार, पुनर्मूल्यांकन के लिए छात्र के संबंधित विषय में कम से कम 20 प्रतिशत अंक होने अनिवार्य हैं। यह प्रक्रिया केवल थ्योरी भाग के लिए होगी और इसमें एम.सी.क्यू. शामिल नहीं किए जाएंगे। दोनों कक्षाओं के लिए पुनर्मूल्यांकन हेतु 1000 रुपए प्रति विषय और पुनर्निरीक्षण हेतु 800 रुपए प्रति विषय फीस निर्धारित की गई है। विद्यार्थियों को सलाह दी गई है कि वे बिना देरी किए अपने स्कूलों के माध्यम से इस प्रक्रिया को समय पर पूरा कर लें।



“ हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड ने 10वीं और 12वीं कक्षा की बोर्ड परीक्षाओं के लिए उत्तर पुस्तिकाओं के पुनर्मूल्यांकन और पुनर्निरीक्षण की प्रक्रिया शुरू कर दी है। आवेदन प्रक्रिया पूरी तरह से ऑनलाइन होगी और बिना शुल्क के कोई भी आवेदन स्वीकार नहीं किया जाएगा। पुनर्मूल्यांकन और पुनर्निरीक्षण की अंतिम तिथियों में किसी भी प्रकार की बढ़ौतरी नहीं की जाएगी, इसलिए सभी छात्र और स्कूल प्रबंधन तय समय सीमा के भीतर ही आवेदन सुनिश्चित करें। - डॉ. राजेश शर्मा, अध्यक्ष, हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड

Dainik Jagran 14-05-2026

# उत्तर पुस्तिकाओं के पुनर्मूल्यांकन के लिए आवेदन प्रक्रिया आरंभ



**जागरण संवाददाता, धर्मशाला :** हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड ने कक्षा 10वीं एवं 12वीं की परीक्षा 2026 की उत्तर पुस्तिकाओं के पुनर्मूल्यांकन एवं पुन निरीक्षण के लिए इच्छुक अभ्यर्थियों से संबंधित विद्यालय के माध्यम से बोर्ड की आधिकारिक वेबसाइट पर आनलाइन आवेदन करने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। बोर्ड के अध्यक्ष डा. राजेश शर्मा ने बताया कि 12वीं के लिए पुनर्मूल्यांकन के लिए प्रति विषय 1000 रुपये तथा पुन निरीक्षण के लिए प्रति विषय 800 रुपये शुल्क निर्धारित किया है। आवेदन की अंतिम तिथि 19 मई 2026 है।

डा. शर्मा ने स्पष्ट किया कि पुनर्मूल्यांकन के लिए संबंधित विषय में न्यूनतम 20 प्रतिशत अंक होना अनिवार्य है और यह केवल थ्योरी भाग का किया जाएगा, जिसमें एमसीक्यू शामिल नहीं होंगे। सभी आवेदन केवल आनलाइन माध्यम से मान्य होंगे और बिना शुल्क के आवेदन स्वीकार नहीं किए जाएंगे। कक्षा 10वीं परीक्षा-2026 के पुनर्मूल्यांकन एवं पुन निरीक्षण के लिए भी आवेदन प्रक्रिया आनलाइन होगी।

10वीं के लिए पुनर्मूल्यांकन का शुल्क 1000 रुपये प्रति विषय तथा पुन निरीक्षण का 800 रुपये प्रति विषय निर्धारित किया है। आवेदन की अंतिम तिथि 25 मई 2026 है।

# पुनर्मूल्यांकन एवं पुन: निरीक्षण के लिए करें ऑनलाइन आवेदन

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड धर्मशाला के अध्यक्ष डॉ. राजेश शर्मा ने बताया कि कक्षा 12वीं बोर्ड परीक्षा-2026 की उत्तर पुस्तिकाओं के पुनर्मूल्यांकन एवं पुन: निरीक्षण के लिए इच्छुक अभ्यर्थी संबंधित विद्यालय के माध्यम से बोर्ड की अधिकारिक वेबसाइट पर ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। कक्षा 12वीं के लिए पुनर्मूल्यांकन के लिए प्रति विषय 1000 रुपए तथा पुन: निरीक्षण के लिए प्रति विषय 800 रुपए शुल्क निर्धारित किया गया है। आवेदन करने की अंतिम तिथि 19 मई निर्धारित की गई है तथा इस तिथि के बाद किसी प्रकार का विस्तार प्रदान नहीं किया जाएगा। पुनर्मूल्यांकन केलिए संबंधित विषय में न्यूनतम 20 प्रतिशत अंक होना अनिवार्य है तथा पुनर्मूल्यांकन केवल थ्योरी भाग का ही किया जाएगा, जिसमें एमसीक्यू शामिल नहीं होंगे। सभी आवेदन केवल ऑनलाइन माध्यम से ही मान्य होंगे तथा बिना शुल्क के आवेदन स्वीकार नहीं किए जाएंगे। उन्होंने आगे बताया कि कक्षा 10वीं परीक्षा-2026 के पुनर्मूल्यांकन एवं पुन: निरीक्षण के लिए भी आवेदन प्रक्रिया ऑनलाइन माध्यम से संचालित की जाएगी। कक्षा 10वीं के लिए पुनर्मूल्यांकन के लिए 1000 रुपए प्रति विषय तथा पुन: निरीक्षण के लिए 800 रुपए प्रति विषय शुल्क निर्धारित किया गया है। आवेदन करने की अंतिम तिथि 25 मई निर्धारित की गई है। पुनर्मूल्यांकन के लिए संबंधित विषय में न्यूनतम 20 प्रतिशत अंक होना अनिवार्य रहेगा तथा पुनर्मूल्यांकन केवल थ्योरी भाग का ही किया जाएगा।

**◆ 12वीं के लिए 19 और दसवीं के लिए 25 मई अंतिम तिथि**

Divya Himachal 14-05-2026

# परीक्षा केंद्रों में आवाज भी होगी रिकॉर्ड

## स्कूल शिक्षा बोर्ड ने बदले नियम, छह महीने तक सुरक्षित रखना होगा बैकअप

सिटी रिपोर्टर—धर्मशाला

हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड ने परीक्षाओं में पारदर्शिता और सुरक्षा को और मजबूत बनाने के लिए परीक्षा केंद्रों से जुड़े नियमों में बुधवार को बड़ा बदलाव किया है। बोर्ड अध्यक्ष डा. राजेश शर्मा द्वारा हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड अधिनियम-1968 की धारा 19.3 के तहत परीक्षा विनियमों के अध्याय-आठ में संशोधन को मंजूरी दी गई है। नए नियम तत्काल प्रभाव से लागू कर दिए गए हैं। अब सभी परीक्षा केंद्रों के परीक्षा हॉल, कमरों तथा प्रवेश और निकास द्वारों पर सीसीटीवी कैमरे लगाना अनिवार्य होगा। बोर्ड ने यह भी स्पष्ट किया है कि कैमरे केवल वीडियो रिकॉर्डिंग तक सीमित नहीं रहेंगे, बल्कि उनमें ऑडियो यानी आवाज रिकॉर्ड करने की सुविधा भी होना जरूरी होगी। इसके अलावा संस्थानों को नेटवर्क वीडियो रिकॉर्डर प्रणाली अपनानी होगी, जिसमें कम से कम छह महीने तक रिकॉर्डिंग सुरक्षित रखने की व्यवस्था हो। बोर्ड ने निगरानी व्यवस्था को निर्बाध बनाए रखने के लिए स्टेटिक आईपी आधारित नेटवर्क कनेक्टिविटी भी अनिवार्य की है, ताकि परीक्षा केंद्रों की मॉनिटरिंग लगातार और बिना रुकावट जारी रह सके।

**बोर्ड अध्यक्ष के बोल** हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड अध्यक्ष राजेश शर्मा ने कहा कि इन नए प्रावधानों का उद्देश्य परीक्षाओं की निष्पक्षता बनाए रखना, नकल पर रोक लगाना और परीक्षा केंद्रों की सुरक्षा व्यवस्था को आधुनिक तकनीक से मजबूत करना है। उन्होंने बताया कि सभी संबद्ध शिक्षण संस्थानों को समय रहते आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश जारी कर दिए गए हैं। इस अधिसूचना की प्रतियां शिक्षा विभाग, उच्च शिक्षा निदेशालय और सभी जिला उपनिदेशकों को आवश्यक कार्रवाई के लिए भेज दी गई हैं। बोर्ड की आईटी शाखा को निर्देश दिए गए हैं कि अधिसूचना को बोर्ड की आधिकारिक वेबसाइट और स्कूलों की लॉगिन आईडी पर अपलोड किया जाए।

डिजिटल अखबार
पहली नजर
सबसे पहले, सबसे तेज
पहली नजर
आज की ताजा खबर देखते रहिए
डिजिटल न्यूज पेपर पहली नजर के साथ
13 मई, 2026 www.pehalinazar.com pehalinazarhp@gmail.com

# शिक्षा बोर्ड ने 10वीं व 12वीं के पुनर्मूल्यांकन एवं पुनः निरीक्षण हेतु आवेदन प्रक्रिया की जानकारी दी


पहली नजर ब्यूरो, धर्मशाला

हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड धर्मशाला के अध्यक्ष डॉ. राजेश शर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि कक्षा 12वीं बोर्ड परीक्षा-2026 की उत्तर पुस्तिकाओं के पुनर्मूल्यांकन (रि-इवेल्यूएशन) एवं पुनः निरीक्षण (री-चेकिंग) हेतु इच्छुक अभ्यर्थी संबंधित विद्यालय के माध्यम से बोर्ड की आधिकारिक वेबसाइट [www.hpbose.org] पर ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं।

उन्होंने बताया कि कक्षा 12वीं के लिए पुनर्मूल्यांकन हेतु प्रति विषय 1000/- रुपये तथा पुनः निरीक्षण हेतु प्रति विषय 800/- रुपये शुल्क निर्धारित किया गया है। आवेदन करने की अंतिम तिथि 19-05-2026 निर्धारित की गई है तथा इस तिथि के बाद किसी प्रकार का विस्तार (एक्सटेंशन) प्रदान नहीं किया जाएगा।

**पुनः निरीक्षण हेतु इच्छुक अभ्यर्थी संबंधित विद्यालय के माध्यम से बोर्ड की आधिकारिक वेबसाइट पर कर सकते हैं ऑनलाइन आवेदन**

डॉ. शर्मा ने आगे स्पष्ट किया कि पुनर्मूल्यांकन हेतु संबंधित विषय में न्यूनतम 20 प्रतिशत अंक होना अनिवार्य है तथा पुनर्मूल्यांकन केवल थ्योरी (थ्योरी) भाग का ही किया जाएगा, जिसमें MCQ शामिल नहीं होंगे। सभी आवेदन केवल ऑनलाइन माध्यम से ही मान्य होंगे तथा बिना शुल्क के आवेदन स्वीकार नहीं किए जाएंगे।



उन्होंने आगे बताया कि कक्षा 10वीं परीक्षा-2026 के पुनर्मूल्यांकन एवं पुनः निरीक्षण हेतु भी आवेदन प्रक्रिया ऑनलाइन माध्यम से संचालित की जाएगी। कक्षा 10वीं के लिए पुनर्मूल्यांकन हेतु 1000 रुपये प्रति विषय तथा पुनः निरीक्षण हेतु 800 रुपये प्रति विषय शुल्क निर्धारित किया गया है। आवेदन करने की अंतिम तिथि 25 मई 2026 निर्धारित की गई है। पुनर्मूल्यांकन के लिए संबंधित विषय में न्यूनतम 20 प्रतिशत अंक होना अनिवार्य रहेगा तथा पुनर्मूल्यांकन केवल थ्योरी भाग का ही किया जाएगा।

बोर्ड अध्यक्ष ने स्पष्ट किया कि पुनर्मूल्यांकन एवं पुनः निरीक्षण आवेदन की अंतिम तिथियों में किसी प्रकार का विस्तार नहीं किया जाएगा। अतः सभी विद्यार्थी एवं संबंधित विद्यालय निर्धारित समयावधि के भीतर आवेदन प्रक्रिया पूर्ण करना सुनिश्चित करें।